जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः गोपनीय/परीक्षा-2/2022/342 दिनांक 09.03.2022

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त शास. अग्रणी महाविद्यालय,
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म.प्र.)

विषयः- सेमेस्टर पद्धति से वार्षिक पद्धति में तथा संस्थागत/नियमित (Regular) श्रेणी से असंस्थागत (Private) श्रेणी में परिवर्तित होने संबंधी।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वर्तमान में सेमेस्टर पद्धति से वार्षिक पद्धति में परिवर्तन कराने हेतु एवं नियमित/संस्थागत (Regular) श्रेणी से असंस्थागत (Private) श्रेणी में परिवर्तन के लिये छात्रों से आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। पूर्व के वर्षों की भांति उपरोक्त कार्यों हेतु अग्रणी महाविद्यालय के G2G ID पर लिंक उपलब्ध करायी जा रही है। कृपया ध्यान रहे कि उपरोक्त कार्यों हेतु यदि छात्रों का पिछले सत्र में कोई अन्तराल/गेप नहीं है तो उसकी प्रविष्टी सुपर केस के अन्तर्गत की जानी है और यदि छात्र कुछ समय के अन्तराल/गेप के बाद वर्तमान में उपरोक्त वर्णित कार्य हेतु आवेदन कर रहा है तो उसकी गेप में रिजल्ट की प्रविष्टी जानी है। इसके पश्चात महाविद्यालय के परीक्षा आवेदन-पत्र Approval Link (Supp/Ex) में डाटा प्रदर्शित होने लगेगा।

तत्पश्चात Exam Form ATKT/SUPP/EX लिंक से छात्र के महाविद्यालय द्वारा Approve करने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन-पत्र खुलेंगे।

विशेष नोटः-

प्रत्येक अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्यों को यह निर्देश है कि छात्र की अंकसूची देखने के उपरान्त ही रिजल्ट डाटा अपडेट किया जावे एवं संबंधित छात्र के महाविद्यालयों के प्राचार्यों को भी निर्देशित किया जाता है कि उस छात्र का परीक्षा आवेदन पत्र एप्रूव करने से पूर्व उसकी अहर्ता का निर्धारण करने के उपरान्त ही परीक्षा आवेदन पत्र एप्रूव करें तथा छात्रों की समस्त अंकसूचियां परीक्षा आवेदन पत्र के संलग्न कर विश्वविद्यालय में जमा करें।

परीक्षा नियंत्रक